यूटीयू ने जीती राष्ट्रीय स्तर की स्मार्ट इंडिया हैकाथान

जागरण संवाददाता, देहरादून: वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कैंपस संस्थान नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ के छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता स्मार्ट इंडिया हैकाथान-2023 में जीत हासिल कर अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रथम चरण में राज्य स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में चयनित होने के बाद जयपुर (राजस्थान) में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथान-2023 प्रतियोगिता में देशभर की टीमों को पछाड़ा। इस टीम को एक लाख रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुई है।

विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए टीम ने विवि और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय 27 जनवरी को अपने स्थापना दिवस पर विजेता टीम को सम्मानित करेगा। प्रतियोगिता की विजेता टीम में संस्थान के छात्र मंथन जोशी, लोकेश पांडे, शुभम जोशी, गुरमीत सिंह, प्लाक्षा जोशी, रश्मी भारती व टीम मेंटर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष ज्योति जोशी टीम की सदस्य रही है। संस्थान के निदेशक प्रो. अजीत सिंह ने भी विजेता टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

कुलपति ने एसआइएचएमटी टिहरी का किया दौरा

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने गुरुवार को स्टेट इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग संस्थान, नई टिहरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक वातावरण को और विकसित करने के लिए समय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए संस्थान में लैब को और विकसित करने के निर्देश निदेशक को दिए।